# कार्यालय
# प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग
## उत्तर प्रदेश शासन

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सं0: 454/पी0एस0(चि0स्वा0/चि0शि0)/2025 लखनऊ : दिनांकः 25 जुलाई, 2025

## कार्यालय आदेश

श्री सुभाष त्रिपाठी, मा0 विधायक, पयागपुर (बहराइच) के पत्र दिनांक 24.07.2025 (छायाप्रति संलग्न), जिसमें श्री उमेश पाल, निवासी अमराई, थाना विशेश्वरगंज, बहराइच की पत्नी को प्रसव हेतु भर्ती कराने की प्रक्रिया के दौरान महाराजा सुहेल देव मेडिकल कालेज, बहराइच के तत्समय ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक/स्टॉफ द्वारा किये गये उपेक्षा पूर्ण व्यवहार की शिकायत की गयी है, की जांच हेतु निम्नानुसार कमेटी का गठन किया जाता हैः-

1. श्रीमती किंजल सिंह, महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा — अध्यक्ष
2. श्रीमती कृतिका शर्मा, विशेष सचिव, चिकित्सा शिक्षा — सदस्य/संयोजक
3. डा0 नीतू सिंह, प्रोफेसर, आब्स एण्ड गायनी, आर0एम0एल0 — सदस्य

2. उपरोक्त कमेटी द्वारा उक्त प्रकरण की जांच कर 15 दिन के अन्दर अपनी आख्या शासन को उपलब्ध करायेगी।

3. तद्नुसार अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

संलग्नक-यथोपरि।

25.07.2025
(पार्थ सारथी सेन शर्मा)
प्रमुख सचिव,
चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग
उत्तर प्रदेश शासन।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को संलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. श्री सुभाष त्रिपाठी, मा0 विधायक, पयागपुर (बहराइच) को उनके पत्र दिनांक 24.07.2025 के क्रम में सूचनार्थ ।
2. सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग को सूचनार्थ एवं अनुश्रवण हेतु।
3. श्रीमती किंजल सिंह, महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण।
4. श्रीमती कृतिका शर्मा, विशेष सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग।
5. डा0 नीतू सिंह, प्रोफेसर, आब्स एण्ड गायनी, आर0एम0एल0।
6. प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, बहराइच।
7. गार्ड फाईल/चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1।

25.07.2025
(पार्थ सारथी सेन शर्मा)
प्रमुख सचिव,
चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग
उत्तर प्रदेश शासन

कक्ष सं0 401/409, चतुर्थ तल, लाल बहादुर शास्त्री भवन (एनेक्सी) सचिवालय, लखनऊ-226001
दूरभाष- 0522-2239306/2239524 Email: psecup.health@gmail.com

**सुभाष त्रिपाठी** 'एडवोकेट'
**विधायक**
287, विधान सभा पयागपुर (बहराइच)
सदस्य प्राक्कलन समिति विधान सभा उ0प्र0
पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष (अवध क्षेत्र) भाजपा

सदस्य विधान सभा उत्तर प्रदेश

आवास बहराइच- मो0- घसियारीपुरा
निकट संहारिणी मन्दिर, जनपद- बहराइच
क-7 No. 405457

नवनिर्मित बहुमंजिला आवास फ्लैट नं0- 202
3, तिलक मार्ग, डालीबाग, लखनऊ
मो0- 8887151087

दिनांक 24.7.2025

**प्रमुख सचिव,**
**स्वास्थ्य**
**उ0प्र0 सरकार, लखनऊ।**

**प्रिय महोदय,**

कृपया उमेश पाल, निवासी अमराई थाना विशेश्वरगंज, बहराइच के संलग्न प्रार्थना पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें जो उनकी पत्नी का महाराजा सुहेल देव मेडिकल कालेज, बहराइच में प्रसव में किए गए उपेक्षा पूर्ण व्यवहार से संबंधित है।

दिनांक 12 जुलाई 2025 को की उमेश पाल अपनी पत्नी श्रीमती वसंत कुमारी के प्रसव के लिए मेडिकल कालेज दिन में लगभग 03 बजे गए थे और भर्ती कराया था। उनकी पत्नी प्रसव पीड़ा से काफी परेशान थी मैंने संबंधित डा0 अंजू श्रीवास्तव जी से वार्ता कर मो0 पर श्रीमती बंसत कुमारी को देखने के लिये कहा परन्तु उन्होने कोई ध्यान नही दिया। फिर मैंने मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डा0 संजय खत्री से वार्ता किया और उन्हें प्रसव पीड़िता के बारे में बताया। प्रधानाचार्य डा0 संजय खत्री ने भी कोई ध्यान नहीं दिया और मजबूर होकर श्री उमेश पाल अपनी पत्नी को रात्रि में लगभग 10.15 बजे रात्रि में एक प्राइवेट नर्सिग होम में ले गये जहाँ रात्रि लगभग 11.30 बजे प्रसव कराना पड़ा। आए दिन इस तरह की घटनाएं मेडिकल कालेज बहराइच में हो रही है जिनके कारण से लोगों को प्राइवेट नर्सिग होम में जाना पड़ रहा है।

अतः आपसे आग्रह है कि उक्त प्रकरण की उच्च स्तरीय शासन स्तर से जॉच कराते हुये लापरवाही बरतने वाले डा0 व संबंधित अन्य दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही करने का कष्ट करें।

रामनिवास वर्मा
**राम निवास वर्मा**
**नेता**
**उ०प्र० विधान मण्डल अपना दल(एस)**
**विधायक**
**वि०स०क्षे०-283, नानपारा, बहराइच**

(सुभाष त्रिपाठी)

उ०प्र० लखनऊ

सेवा मे,

श्रीमान प्रमुख सचिव स्वास्थ्य विभाग

उ0प्र0

उमेश कुमार पुत्र आशाराम R/O अमराई वि0 ख0 व थाना विशेश्वरगंज जिला बहराइच — प्रार्थी

प्रार्थना पत्र वास्ते कराये जाने
जॉच व किये जाने कार्यवाही
दर्ज किये जाने F.I.R

महोदय,

निवेदन है कि प्रार्थी की पत्नी प्रसन्न कुमारी गर्भवती थी, दि0 12.07.2025 को अत्यधिक दर्द, पीड़ा होने पर प्रार्थी महाराजा सुहेलदेव स्वशासी राज्य चिकित्सालय बहराइच मे लेकर आया जहाँ समय 03.04pm पर एडमिट करने के पश्चात 7 घंटे तक मेरी कोई सुनवाई नही हुई। करीब रात 10:00 pm तक पीड़िता को नही देखा समुचित इलाज नही किया गया अस्पताल स्टाफ द्वारा लापरवाही की गई प्रार्थी की पत्नी की हालत नाजुक होने पर प्रार्थी ने वि0स0 पयागपुर विधायक श्री सुभाष त्रिपाठी जी से बात की विधायक जी ने भी अस्पताल मे बात की लेकिन अस्पताल मे कर्मचारियो द्वारा कोई बात नही की गई जब प्रार्थी को लगा की उसकी पत्नी अब नही बचेगी तो वह किसी तरह प्राईवेट चिकित्सालय R.K हास्पिटल बहराइच ले गया तब किसी तरह जान बची डॉ0 अन्नू श्रीवास्तव के मार्ग दर्शन मे एडमिट हुई थी प्राईवेट हास्पिटल मे लगभग मेरा 30 हजार रू0 खर्च हुये। अस्पताल कर्मचारियो का अपने पदीय कर्तव्य की अवहेलना की गई लापरवाही बरती गई यदि प्रार्थी अपनी पत्नी को प्राईवेट अस्पताल नही ले जाता तो उनकी मृत्यु होना निश्चित था जिसके सम्बन्ध मे तत्काल जॉच कराया जाये ताकी आने वाले दिन हो रहे। घटना भविष्य मे न हो

अतः श्रीमान जी से ससम्मान विनम्र निवेदन है कि उपरोक्त प्रकरण मे जॉच करा कर दण्डनात्मक कार्यवाही की जाये।

प्रार्थी

Umesh Kumar

उमेश कुमार पुत्र आशाराम
R/O अमराई वि0 ख0
व थाना विशेश्वरगंज
जिला बहराइच
मो0 9005107251
दिनांक – 24.07.2025

vivo T3x
Jul 24, 2025, 14:46